टोलागांव में परिक्षेत्रीय स्तर की कर्मा जयंती... पृष्ठ 2 | सभी रूपों में सबसे शक्तिशाली... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 04 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 166, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


## योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की प्राचीन विधा योग को विश्वपटल पर किया स्थापित- साय, स्वस्थ तन-मन के लिए योग को करें अपनी दिनचर्या में शामिल - सीएम







**रायपुर।** योग आत्मा, मन और शरीर को संतुलित करने का सबसे बड़ा माध्यम है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने योग को विश्वपटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन विधा को अपनाकर आरोग्य की प्राप्ति कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।मुख्यमंत्री श्री साय की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामयी समारोह में अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा ने आज शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने संतों का अभिवादन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मुख्यमंत्री श्री साय ने योग आयोग के नव-नियुक्त अध्यक्ष श्री सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री सिन्हा को छत्तीसगढ़ को जोड़ने और स्वस्थ रखने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। जनसेवा को समर्पित उनका सामाजिक जीवन और सांगठनिक दायित्वों के लंबे अनुभव का लाभ योग आयोग के साथ ही प्रदेशवासियों को भी मिलेगा। 2017 में स्थापित योग आयोग की अब तक की यात्रा शानदार रही है और श्री सिन्हा के नेतृत्व में यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत में योग ऋषि-मुनियों की देन है और वे इस सुंदर परंपरा के संवाहक भी हैं। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है और इसका अर्थ है जुड़ना या एकजुट होना, जो शरीर और चेतना के मिलन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही योग रूपी इस चेतना का विश्वभर में विस्तार हुआ और संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने को मान्यता दी। श्री साय ने कहा कि योग विश्वभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ तन-मन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए और भावी पीढ़ी को योग से जोड़कर इसका महत्व समझाना चाहिए। योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग सभी के लिए है और सभी को जोड़ने का काम करता है। संगठन में काम करते हुए सदैव मैंने लोगों को जोड़ने का कार्य किया है और आज मुझे योग आयोग के माध्यम से सभी को जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रकृति में अनेक महत्वपूर्ण संपदाएं उपलब्ध हैं, परंतु इनमें सर्वश्रेष्ठ मानव संपदा है। मुख्यमंत्री जी ने मुझे मानव संपदा को स्वस्थ रखने का जिम्मा सौंपा है और इसे पूरा करने के लिए योग को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।हमारे प्रधानमंत्री जी नियमित योग करते हैं। उनकी ऊर्जा और कार्यक्षमता से आज सारी दुनिया वाकिफ है। श्री सिन्हा ने योग की विश्वव्यापी लोकप्रियता और प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक श्री मोतीलाल साहू, विधायक श्री संपत अग्रवाल, विधायक श्री अनुज शर्मा, डॉ. रामप्रताप सिंह, श्री संजय श्रीवास्तव, महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद महाराज, पूज्य संत उदयनाथ जी महाराज, श्री वासु देवानंद जी महाराज, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री भुवनेश यादव, संचालक समाज कल्याण श्रीमती रोक्तिमा यादव सहित पूजनीय संत समाज, योग आचार्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने सपरिवार माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की



### प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज सपरिवार माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह, पुत्र एवं पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह, पुत्रवधु श्रीमती एश्वर्या सिंह सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे, श्री कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, श्री भरत वर्मा, श्री भावेश बैद, श्री सुमित उपाध्याय, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री अनील गट्टानी, ट्रस्टी श्री महेंद्र परिहार, श्री लक्ष्मीनारायण, श्री योगेश, श्री विपुल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

## संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की



**राजनांदगांव नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर संभागायुक्त दुर्ग श्री सत्यनारायण राठौर एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान एसडीएम श्री मनोज मरकाम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मंडल भाजपा की आवश्यक बैठक आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मंडल भारतीय जनता पार्टी की एक आवश्यक बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से स्थानीय यादव समाज भवन में आहूत की गई है। बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल एवं 14 अप्रैल को भारत रत्न भीमराव अम्बेडकर जयंती मनाये जाने के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की जावेगी तथा विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जावेगी।

मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बैठक में प्रमुख वक्ता के रूप में पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, वरिष्ठ भाजपा नेता तरूण लहरवानी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने मंडल भाजपा के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, समस्त शक्ति केन्द्रो के प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, भाजपा के समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधिगणों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## शक्तिधाम महाकाली मंदिर में पंचमी पर मां महाकाली का मनोरम श्रृंगार







### छह सगी बहनों का जस जगराता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के वार्ड नंबर 1, बाबुटोला में स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा हैं। नवरात्र के पंचमी के अवसर पर मां काली का विशेष श्रृंगार किया गया। मां काली की मनोरम श्रृंगार देखने दर्शनार्थी प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुँच रहे हैं। नवरात्रि महोत्सव में आज छह सगी बहनों का एकता मानस परिवार कांकेतरा का जस जगराता का आयोजन किया गया। छह सगी बहनों का जस जगराता में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्त देर रात तक माता के भजनों में झूमते रहे। भक्तों ने छह सगी बहनों के कार्यक्रम को खूब सराहा। वहीं शक्तिधाम के आयोजन की खूब प्रशंसा की।

## मां भानेश्वरी देवी और महाकाल बाबा की कृपा सिंघोला क्षेत्र वासियों पर सदैव बरसती है

### शिव और शक्ति के भक्ति में डूबा क्षेत्रवासी, पहाड़ी पाठ बाबा मंदिर में पंचमी पर हुआ विशेष श्रंगार, ओवर ब्रिज के निर्माण होने से से रेलवे क्रासिंग के झंझट से क्षेत्र वासियों को मिली मुक्ति













**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज पंचमी के दिन मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ सिंघोला में दर्शन करने का सौभाग्य मां के आशीर्वाद से हुआ। मां भानेश्वरी देवी जगत जननी मां की कृपा से सदैव क्षेत्रवासियों पर बरसती है मां का भव्य मंदिर सुसज्जित होकर तैयार हो गए हैं मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1248 ज्योति कलश स्थापित की गई है और मां के यशोगान दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है इस मंदिर में दूर-दूर से भक्त जन दर्शन के लिए आते हैं और मां सब की मनोकामना को पूर्ण करती है। मां भानेश्वरी देवी की 9 को मां भानेश्वरी देवी जयंती मनाई जाएगी। सिंघोला ग्राम में मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ और बाबा महाकाल मंदिर है जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं और बाबा महाकाल और मां भानेश्वरी देवी की कृपा भक्तों पर बरसती है। मुढ़ीपार (मनगटा जंगल) जोरातराई जंगल में स्थित पहाड़ी पाठ बाबा में पंचमी के दिन विशेष पूजा अर्चना की गई और भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंचकर बाबा पहाड़ी पाठ और माता की दर्शन किए आयोजक समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने बताया कि पहाड़ी पाठ जंगल में स्थित मंदिर में प्रतिदिन भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है भक्तजन अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए बाबा एवं माता की भक्ति कर रहे हैं और यहां पर मंदिर प्रांगण में दोनो पर्व पर भक्तों का जमावड़ा बना रहता है और जंगल में स्थित होने के कारण लोग जंगल में प्राकृतिक वादियों के साथ शेर सपाटा करते हैं और बीते शिवरात्रि में भगवान भोलेनाथ की विशाल मं प्रतिमा स्थापित की गई और जिसके दर्शन के लिए भक्तजन बड़ी संख्या में पहुंच रहे।

## आरुषि साहू के जी 1 में प्रथम




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान गायत्री विद्यापीठ का वार्षिक परीक्षा परिणाम विगत दिनों घोषित किया गया। केजी 1 की बालिका आरूषि साहू पिता सुन्दर साहू नेहरू नगर राजनांदगांव ने सौ प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित स्वतंत्रता सेनानी बनो प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था।आरुषि साहू के सफलता पर प्राचार्य शैलजा नायर, कक्षा शिक्षिका अमिता खंडेलवाल समस्त शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

## जैनम बैद पार्षद ने मां बम्लेश्वरी की आरती उतारकर की पूजा अर्चना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जैनम बैद पार्षद वार्ड क्रमांक 37, महावीर वार्ड राजनांदगांव आज चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ में माँ बम्लेश्वरी देवी के दिव्य दर्शन किया और पूजा अर्चना कर आरती उतारी। और समस्त जिलेवासियों और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि माता रानी के अलौकिक श्रृंगार से मन भक्तिभाव से भर उठा। इस पावन यात्रा में प्रिय मित्रों का साथ इसे और भी स्मरणीय बना गया।

## आईटीआई राजनांदगांव में 5 अप्रैल को कैम्पस सलेक्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 5 अप्रैल 2025 को सुबह 10.30 बजे से मेराकी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मुंद्रा सोलर प्राईवेट लिमिटेड (अडानी सोलर) और अडानी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड (अडानी विंड) के लिए कैम्पस सलेक्शन रखा गया है। आईटीआई (आल टेक्नीकल ट्रेड), डिप्लोमा (मेकनिकल, इलेक्ट्रीशियन, इटीसी, केमिकल), बीए, बीकॉम, बीएससी उत्तीर्ण 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष अभ्यर्थी अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूलप्रति एवं छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज 2 फोटो, बैंक एकाउंट, आधार कार्ड तथा वोटर आईडी के साथ कैम्पस में शामिल हो सकते हैं।

## 6 अप्रैल रामनवमी, रविवार को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार रामनवमी के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना करने के निर्देश दिये है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202503091900017**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

मटिया प.ह.न. 00023 [(हे.) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - नवीन कुमार पटेल, अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन कुमार पटेल आ. धनराम पटेल निवासी ग्राम मटिया तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने दादा सालिक राम की मृत्यु दिनांक 17.08.1981 को ग्राम मटिया में होने के कारण अपने दादा सालिक राम की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

क्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08-04-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/03/2025 को जारी किया जाता है ।

सील

तहसीलदार
डोंगरगांव


## प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन रविवार 20 अप्रैल 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्राक्कयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है।

**शुभांक**

**2-5-7**

**178-6 560-1**

**भाग्यांक**

**277-6 170-8**


**कार्यालय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी**
**जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

क्रमांक.31/न.पं./2025, अं.चौकी दिनांक 03.04.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी द्वारा दिनांक 01.04.2025 को आहुत सामान्य सभा की बैठक में संकल्प क्रमांक 01 के माध्यम से नगर पंचायत क्षेत्र में संपत्तिकर हेतु प्रचलित दरों में 5 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित की जाती है।

नवीन प्रचलित दर निम्नानुसार होगी

| | आवासीय | | व्यावसायिक | |
|---|---|---|---|---|
| | मुख्य बाजार या सड़क पर स्थित नहीं है | मुख्य बाजार या सड़क पर स्थित है | मुख्य बाजार या सड़क पर स्थित नहीं है | मुख्य बाजार या सड़क पर स्थित है |
| पक्का मकान | 15 रू. | 16 रू. | 42 रू. | 52 रू. |
| सीमेंट लोहे की चादर छत | 12 रू. | 13 रू. | 31.50 रू. | 44 रू. |
| आ. पक्का | 9 रू. | 10 रू. | 21 रू. | 31.50 रू. |
| कच्चा मकान | 4 रू. | 5 रू. | 11 रू. | 16 रू. |
| भूमियॉ | 1 रू. | 1.00 रू. | 2.50 रू. | 4 रू. |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अं.चौकी


# टोलागांव में परिक्षेत्रीय स्तर की कर्मा जयंती समारोह मे विधायक हुए सम्मलित

### सामुदायिक भवन निर्माण हेतु दिए 6 लाख रू



**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधायक दलेश्वर ग्राम टोलागांव ओडार मे दिवान भेड़ी परिक्षेत्र के कर्मा जयंती समारोह मे बतौर मुख्य अतिथी सम्मलित हुए, इस अवसर पर उन्होने कहा जीवन मे हर व्यक्ति को अच्छा करने का अवसर मिलता है उस मिले अवसर का सदुपयोग कर स्वयं को साबित किया जा सकता है। उन्होने समाज के मांग पर,सामाजिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रू दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने की, विशिष्ट अतिथी श्रीमति जयश्री साहू, पूर्व जिला महामंत्री व तहसील के संरक्षक अमरनाथ साहू , जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव व जागृति यदु, जनपद सदस्य खुमान नेताम, सरपंच सुनीता भुवाल पटेल थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष हेमंत साहू ने तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा किए जा रहे शिक्षा व रचनात्मक गतिविधियो की जानकारी दी। संरक्षक अमरनाथ साहू ने सामाजिक नियमावली मे समय के साथ हुए बदलाव की जानकारी दी। सभा को जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए साहू समाज को एक आदर्श समाज बताया उन्होने कहा कि साहू समाज के कई अच्छे पहल है जिन्हे कई अन्य समाज भी प्रशंसा करते है। इसके पूर्व परिक्षेत्र के अध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव महेश साहू, ग्राम अध्यक्ष तोरण साहू, सचिव गंभीर साहू के अगुवाई मे विशाल कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ गांव की गलियो को भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पंहुचे। जहां



अतिथियो की उपस्थति मे सामूहिक पूजा आरती की गई तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू व सचिव महेश साहू ने किया। कार्यक्रम मे मूलचंद साहू, सी एल हिरवानी, पूनाराम सिन्हा, नेक राम सिन्हा राधेश्याम साहू, महेश साहू, धर्मेंद्र साहू, मनोज साहू, तोरण साहू, गंभीर साहू, नेमदास साहू, सावित्रीबाई साहू, सीता साहू, सुनीता साहू, चित्ररेखा साहू, कोमल साहू, चुम्मन साहू, देवंत साहू, लीला साहू, बिरबल साहू, लखन साहू, बुधराम साहू, अर्जुन साहू,आदि प्रमुखजन उपस्थित थे।

# माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में युवोदय स्वयंसेवकों ने किया सेवा कार्य

### कलेक्टर एवं एसपी ने की प्रशंसा




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले में नवरात्रि के प्रथम दिवस माँ बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में युवोदय स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया। युवोदय स्वयं सेवकों ने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की एवं आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था सहित अन्य सेवा कार्य किया। इस सेवा कार्य के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने युवोदय स्वयंसेवकों की प्रशंसा की। युवोदय स्वयंसेवक विनोद टेम्बुकर, साहिल, चंद्रप्रकाश, खिलेन्द्र, नितेश, भानुप्रसाद, तोरण एवं अन्य स्वयंसेवियों ने सेवा कार्य में योगदान दिया।

## केशव साहू बने ग्रामीण समाज के अध्यक्ष



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण साहू समाज घुपसाल (कुमरदा) में सामाजिक नया कार्यकारणी का गठन किया गया, जिसमें केशव साहू को दूसरे बार पुनः ग्रामीण साहू समाज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार साहू ने बताया कि इस कार्यकारणी में, उपाध्यक्ष कोमल सिंह साहू, सचिव जवाहर लाल साहू, कोषाध्यक्ष लोमस साहू, उपकोषाध्यक खिलावन साहू, सहसचिव डूमेश्वर साहू, संचालक टीकम दास साहू, मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार साहू, संरक्षक चमारराय साहू, को बनाया गया है सदस्य, गोरेलाल साहू, शत्रुघन साहू देवनाथ साहू, नागेश साहू, बिसेसर साहू, सेवक राम साहू, एकलव्य साहू, युवराज साहू, गोविंद लाल साहू आदि सामाजिक बंधु शामिल थे सभी ने कार्यकर्ताओं ने समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन 12 और 13 को

### महासभा का त्रिवार्षिक चुनाव भी संपन्न होगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह (पं. क्र. 1282) का दो दिवसीय 61 वा वार्षिक महाधिवेशन आगामी 12 एवं 13 अप्रैल को चौहान इंपीरियल होटल एवं रिसॉर्ट, दुर्ग बायपास रोड, भिलाई में आयोजित किया गया है ।

इस अधिवेशन में महासभा के 13 केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव भी संपन्न होगा । उक्त आशय की जानकारी देते हुए उपसमिति राजनांदगांव के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने बताया कि महाधिवेशन के पहले दिन 12 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे ज्योति कलश का स्वागत किया जाएगा । 8:30 बजे ध्वजारोहण से अधिवेशन का उद्घाटन होगा । 9:00 बजे केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत होगा ।9:50 बजे महाराणा प्रताप साहित्य परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका शौर्य 2025 का विमोचन किया जाएगा । 10:30 बजे संयोजक शेर सिंह ठाकुर स्वागत भाषण देंगे । 11:45 बजे महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस अध्यक्षीय उद्बोधन देंगे । पूर्वाह्न 11:00 बजे सचिव प्रतिवेदन तथा 11:30 बजे केंद्रीय कोषाध्यक्ष का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत होगा । दोपहर 1:00 बजे महासचिव विष्णु सिंह बघेल द्वारा महासभा का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, तत्पश्चात खुला मंच होगा । शाम 4:00 बजे महाधिवेशन के अतिथियों का स्वागत एवं आशीर्वचन होगा । शाम 5:30 बजे अधिवेशन स्थल से शोभायात्रा निकलेगी जो नगर भ्रमण के पश्चात अधिवेशन स्थल पर ही समाप्त होगी । रात्रि 9:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा । अधिवेशन के दूसरे दिन 13 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा । प्रात: 9:00 बजे महिलाओं एवं युवतियों के लिए रंगोली, मेहंदी, पुष्प सज्जा, आरती की थाल सजाव प्रतियोगिता संपन्न होगी । पूर्वाह्न 11 से दोपहर 2:00 बजे के बीच बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न होगी । दोपहर 3:00 बजे से युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है । शाम 4:00 बजे कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम होगा । 5:00 बजे पुरस्कार वितरण होगा और 6:00 बजे ध्वज अवरोहण होगा । 13 अप्रैल को ही प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक 13 केंद्रीय पदाधिकारियों के लिए मतदान कराया जाएगा । रात्रि 8:00 बजे मतदान के परिणामों की घोषणा की जाएगी । तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा । रात 9:00 बजे आभार प्रदर्शन के साथ अधिवेशन के समापन की घोषणा की जाएगी । उपसमिति राजनांदगांव के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने महासभा से जुड़े समस्त राजपूतों से महाधिवेशन में शामिल होने की अपील की है।

## पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव 4 जुलाई तक आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 में पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कारों के लिए ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित की गई है। पद्म पुरस्कारों के लिए जिले के योग्य व पात्र व्यक्तियों से नामांकन प्रस्ताव 4 जुलाई 2025 तक निर्धारित प्रपत्र में जिला कार्यालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 94 में आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन नामांकन व सिफारिश की क्रमवार प्रक्रिया पोर्टल पर बताई गई है।

# गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्तिकर भुगतान हेतु शासन ने दी एक माह की छुट

### 0 संपत्तिकर का भुगतान 30 अप्रैल तक कर छुट का लाभ लेने करदाताओं से आयुक्त ने की अपील

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक करो का भुगतान करने पर किसी प्रकार का अधिभार नहीं लिया जाता है। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा दिनांक 2 अप्रैल 2025 को आदेश जारी कर इस माह की विशेष छुट के तहत 30 अप्रैल 2025 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगरीय निकायों को देय संपत्तिकर की अधिकतम वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 30 अप्रैल 2025 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर विशेष छुट प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुये है। निर्देश में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायो का निर्वाचन आदि में आचार सहिता भी प्रभावी रही एवं उक्त कार्यो में निकायो के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे, जिसके परिणाम स्वरूप आय संग्रहण की कार्यवाही प्रभावित रही। जिसके आधार पर इस वर्ष संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने हेतु अतिम तिथि 30 दिवस की विशेष छुट प्रदान करते हुए दिनांक 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गयी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि राजस्व अमला द्वारा घर घर जाकर भी सम्पत्तिकर की वसूली की जावेंगी तथा नगारिकों को ऑनलाईन भुगतान हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। आयुक्त ने सभी करदाताओं से अपने संपत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेते हुये नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## निधन

**लक्ष्मीनारायण सोनी ( वरिष्ठ पत्रकार )**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार श्री लक्ष्मीनारायण सोनी जी का आकस्मिक निधन बुधवार रात्रि 10.00 बजे हो गया जिनकी अंतिम यात्रा 3 अप्रेल को माँ बम्लेश्वरी की गोद में विराजमान छिरपानी स्थित मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो देवलोक को गमन हो गई. श्री सोनी के निधन पर पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई. श्री सोनी शासन से अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार के आलावा प्रदेश आर टी आई यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष थे व छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त थे. श्री सोनी के निधन पर जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रेस क्लब, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मंदीर ट्रस्ट समिति सहित नगर के गणमान्य नागरिको ने श्रधांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# सरपंच संघ द्वारा पंचायत सचिवों के एक सूत्रीय मांग को दिया गया समर्थन



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पंचायत सचिवों के आज हड़ताल को 18 वें दिन बीत जाने के बाद नवनिर्वाचित सरपंच संघ डोंगरगढ़ के द्वारा धरना स्थल डोगरगढ़ पर पहुंच कर समर्थन दिया गया,विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे सरपंचों ने अपनी व्यस्था बताते हुये कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों के हड़ताल में जाने से ग्राम पंचायत के सभी काम ठप हो गये है प्रभार मिलने मात्र से ही सरपंचों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता है ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव से संचालित होता है सचिवों के बिना सरपंच एक कदम भी नहीं चल सकता है वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रहा है जिसके कारण पेयजल की ज्वलंत समस्या उत्पन्न हो गया है और उस समस्या कैसे निपटा जाये जब सचिव ही नहीं है ?अभी अभी निर्वाचित होकर आये सरपंचों को कोई भी वेंडर, दुकानदार उधारी के समान देने से बच रही है पूरी पंचायत व्यवस्था ढप हो गया है, हम सभी सरपंच सरकार से पूछतें है कि क्या सरकार बनने के बाद उनको चलाने वाले सचिव सहित अन्य अधिकारीगण हड़ताल में होते तो क्या वे अपनी सरकारी काम चला सकते थे ?अगर सरकार सचिवों की जायज मांग और अपने द्वारा किये गये वादे को तत्काल पूरा नहीं करता है तो डोंगरगढ़ के सभी सरपंच पंचायतों में ताला जड़कर हड़ताल में बैठ जायेंगे , सचिव संघ के हड़ताल को समर्थन के लिये प्रमुख रूप से कमलेश्वर वर्मा,रामेश्वर,पोषण कुमार,मोहन



कंवर,रामलाल,जयसिंह कंवर,लता कोर्राम,चम्पा सिन्हा,मालती उईके,कविता धुर्वे,रीता वर्मा, बरसन नेटी,दिलीप,इन्द्र जीत साहू,इतवारी , सुरेश सहारे,दयाराम कंवर,सुखचंद चन्द्रवंशी,सुनील,बबीता ,रीनूदास,उत्तरा उइके,चमेली साहू,लक्ष्मी पटेल सहित बड़ी संख्या में सरपंचगण उपस्थित थे।

nandgaon times April-04-5.qxd 4/4/2025 1:26 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) चूलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?*

*2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?*

*3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?*

*4) मनी म्यूल क्या है?*

*5) भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला


(1) चम्बल नदी (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) कोई व्यक्ति जो अवैध रूप से अर्जित धन को किसी और के लिए स्थानांतरित करता है (5) लिंडी कैमरून

# सभी रूपों में सबसे शक्तिशाली स्वरूप है कालरात्रि

## या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**अरविन्द तिवारी**

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है। नवरात्रि पूजा के सातवें दिन यानि आज माँ कालरात्रि की पूजा आराधना की जाती है। माँ दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से दुष्टों का अंत होता है। देवी मां के इस रूप को साहस और वीरता का प्रतीक मानते हैं। जगत्जननी माँ दुर्गा के सभी नौ स्वरूपों में माँ कालरात्रि का रूप सबसे शक्तिशाली है। वैसे तो माँ काली की पूजा भारत व विश्व के अन्य देशों में भी होती है लेकिन बंगाल व आसाम में उनकी पूजा बड़े ही धूमधाम से होती है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि पृथ्वी को बुरी शक्तियों से बचाने और पाप को फैलने से रोकने के लिये माँ दुर्गा अपने तेज से इस भयंकर रूप को प्रकट की थी। माँ नव दुर्गा के सभी स्वरूपों मे ऐसा इस स्वरूप को सबसे शक्तिशाली माना जाता है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र मे अवस्थित होता है और उसी कारण ब्रम्हाण्ड की सभी शक्तियों का द्वार साधक के लिये धीरे- धीरे खुल जाता है। काली , भद्रकाली , भैरवी , रुद्राणी , चंडी इन सभी विनाशकारी रुपों में एक माना गया है। माँ कालरात्रि की उपासना से सभी प्रकार के संकटो का विनाश हो जाता है और सभी पापों से मुक्ति मिलती है। ऐसी मान्यता है कि मां कालरात्रि की कृपा से भक्त हमेशा भयमुक्त रहता है उसे अग्नि , जल , शत्रु आदि किसी का भी भय नहीं होता। माँ कालरात्रि की उपासना से जितने भी भूत पिशाच दैत्य गण और जितनी भी नकारात्मक शक्तियाँ हैं उन सभी का विनाश हो जाता है। मां अपने इस रूप में भक्तों को काल से बचाती है अर्थात जो भक्त मां के इस रूप की पूजा करता है उसकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। नवरात्र की सप्तमी तिथि को सुबह-शाम दोनों समय माता कालरात्रि के 108 नाम का श्रद्धा पूर्वक जप करने वाला साधक माता कालरात्रि की विशेष कृपा का अधिकारी बन जाता है। मां दुर्गा ने असुरों




के राजा रक्तबीज सहित मधु-कैटभ जैसे असुरों का संहार करने के लिये अपने तेज से मां कालरात्रि को उत्पन्न किया था। पौराणिक कथा के मुताबिक दैत्य शुंभ-निशुंभ और रक्तबीज ने तीनों लोकों में अपना आंतक मचाना शुरू कर दिया तो देवतागण परेशान हो गये और भगवान शंकर के पास पहुंचे , तब भगवान शंकर ने देवी पार्वती से राक्षसों का वध कर अपने भक्तों की रक्षा करने के लिये कहा। भगवान शंकर का आदेश प्राप्त करने के बाद पार्वतीजी ने दुर्गा का रूप धारण किया और शुंभ-निशुंभ का वध किया , लेकिन जैसे ही मां दुर्गा ने रक्तबीज को मारा उसके शरीर से निकले रक्त की बूंदों से लाखों रक्तबीज उत्पन्न हो गये। तब मां दुर्गा ने मां कालरात्रि के रूप में अवतार लिया , मां कालरात्रि ने इसके बाद रक्तबीज का वध किया और उसके शरीर से निकलने वाले रक्त को अपने मुख में भर लिया जिससे रक्तबीज का रक्त जमीन पर नही गिरा और रक्तबीज पुनर्जीवित नही हो पाया। इस तरह माता कालरात्रि की कृपा से धरती को राक्षसों से मुक्ति मिली।

**माँ कालरात्रि का स्वरुप**

माँ कालरात्रि का स्वरुप भयानक है मगर वह सदैव शुभफल देने वाली है , इसी कारण इनका एक नाम शुभंकारी भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार की भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नही है। माँ कालरात्रि की स्मरण मात्र से नवग्रह बाधायें दूर हो जाती है। उनकी आराधना से अग्निभय , चोरभय , शत्रुभय सब दूर हो जाता है और मुक्ति मिल जाती है। माँ कालरात्रि के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है इसलिये इसे कालरात्रि भी कहा जाता है। इनके सिर के बाल बिखरे हुये हैं और गले मे विद्युत के समान चमकने वाली माला है। उनके शिवजी की तरह तीन नेत्र हैं अर्थात वह त्रिनेत्री हैं। ये तीनों नेत्र ब्रम्हाण्ड के समान गोल है जो हमारे अंतर्मन का प्रतीक है। इनकी नासिका से अग्नि के समान भयंकर ज्वालामुखी निकलती है। इनका वाहन गदर्भ अर्थात गधा है। इनका एक हाथ वरमुद्रा और एक हाथ अभयमुद्रा मे है। बाकी के दो हांथो मे से एक मे लोहे का एक काँटा और दुसरे हाथ मे खड्ग है। इस प्रकार माँ कालरात्रि का स्वरुप सभी प्रकार के दुखों का निवारण करती हैं। इनका प्रिय पुष्प रातरानी है , इनका प्रिय रंग लाल है , आज के दिन माँ को गुड़ जरूर अर्पित करना चाहिये। अगर आप परेशानी में हों तो सात या सौ नींबू की माला देवी को चढ़ायें। सप्तमी की रात्रि तिल या सरसों के तेल की अखंड ज्योत जलायें। अगर आप शत्रुभय से पीड़ित हैं तो सरसो के तेल से दीपक जलाकर माँ कालरात्रि के सामने इस मंत्र का जाप करें , इससे माँ कालरात्रि शत्रुभय को दूर करती हैं। अगर आपको धनलाभ चाहिये तो तिल के तेल से दीपक जलाकर - ऊं ऐं ह्रीं क्लीं कालरात्रै नमः।। अथवा - या देवी सर्वभूतेषु मां कालरात्रि रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ मंत्र का जाप करें। इसके अलावा सिद्धकुंजिका स्तोत्र , अर्गला स्तोत्रम , काली चालीसा , काली पुराण का पाठ करना चाहिये। यथासंभव इस रात्रि संपूर्ण दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

## एकलव्य विद्यालय की छात्रा चंचल सहारे नई दिल्ली में आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में होगी शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 4 एवं 5 अप्रैल 2025 को भारत मंडपम नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव की कक्षा 11वीं की छात्रा चंचल सहारे का चयन हुआ है। साथ ही छत्तीसगढ़ के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कुल 30 विद्यार्थी चयनित हुए है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभरते एवं स्थापित जनजातीय उद्यमियों को अपने नवाचार और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए चयनित होने पर छात्रा चंचल सहारे को प्राचार्य, शिक्षकों एवं शाला परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का किया गया गठन

**पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07744299703**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रीष्म ॠतु को ध्यान में रखते हुये पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण एवं सुचारू रूप से संचालन तथा संधारण के लिए जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ का दूरभाष 07744299703 है। यह प्रकोष्ठ 29 मार्च 2025 से प्रभावी है। नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक ग्रेड-2 श्री गोपीराम साहू मोबाईल नंबर 9993329160 को बनाया गया है। प्रकोष्ठ में पेयजल समस्या के निराकरण से संबंधित डाक एवं पत्राचार प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व में श्री ओंकार साहू स्थल सहायक द्वारा किया जाएगा। प्रकोष्ठ कार्यालयीन समय में कार्य करेंगे। एवं संबंधित सहायक अभियंताओं/उप अभियंताओं को शिकायत से अवगत करायेगें एवं शिकायत की तिथिवार निराकरण संबंधी जानकारी का स्पष्ट उल्लेख रजिस्टर संधारित किया गया है। जिला स्तर पर खंड कार्यालय राजनांदगांव एवं प्रत्येक उपखंड मुख्यालय तथा विकासखंड स्तर पर समस्त जनपद पंचायत मुख्यालय में शिकायत पंजी संधारित की जा रही है। उपखंड स्तर पर भी अधिकारी-कर्मचारी पेयजल प्रकोष्ठ के तहत 15 जून 2025 तक के लिये अपने आबंटित कार्य के अतिरिक्त पेयजल प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य करेंगे। उपखंड कार्यालय राजनांदगांव प्रभारी सहायक अभियंता सुश्री पलक कोठारी का मोबाईल नंबर 8770564659, सहायक अभियंता श्रीमती प्रिया सोनी का मोबाईल नंबर 9993931309 नियुक्त किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के उप अभियंता श्रीमती मोनिका ठाकुर का मोबाईल नंबर 8718964379, उप अभियंता श्री आदित्य नारायण साहू का मोबाईल नंबर 7587143848, डोंगरगांव विकासखंड के उप अभियंता श्रीमती रूखमणी पाटले का मोबाईल नंबर 7240824775, उपखंड कार्यालय डोंगरगढ प्रभारी सहायक अभियंता श्री गिरेन्द्र कुमार साहू का मोबाईल नंबर 6264400712, डोंगरगढ़ विकासखंड के उप अभियंता श्रीमती तारादेवी वैष्णव का मोबाईल नंबर 9806594145, छुरिया विकासखंड के उप अभियंता श्रीमती आरती जैन का मोबाईल नंबर 9827111159 है।

# महिला पतंजलि योग समिति की बैठक और सम्मान समारोह



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वरिष्ठ बहनों के साथ सत्संग बैठक एवं सम्मान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में डोंगरगांव तहसील प्रभारी सरिता साहू के निज निवास में संपन हुआ । मुख्य अतिथि गंगा अग्रवाल सह राज्य प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति ममता साहू कार्यकारणी सदस्य जिला प्रभारी सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में मां भारती के तेलचित्र दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी को श्रीफल एवम मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अंजू त्रिपाठी ने कहा संगठन क्या है इस पर विशेष बल दिया सभी बहनों को एकजुट रहकर कार्य करना चाहिए जिससे बड़े कार्य भी सुगम और सरल हो जाते है इनके अलावा संगठन को विस्तारित कैसे करे उसके उपाय बताते हुए अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही, सुषमा ने योग प्रशिक्षण शिविर लगाने पर विशेष जोर दिया ।सभी ने अपने सुंदर विचारों से कार्यक्रम को सुनियोजित किया सरिता बहन ने सबका आभार प्रदर्शन किया ।

कार्यक्रम में उमा हरिवंश - पद्मिनी ठाकुर (पार्षद) , सुनीता मालेकर (पाषर्द) साध्वी भवन ज्योति श्रुति शुक्ला ( प्रवक्ता) मिताली कटकवार चंद्रकला गुप्ता , के साथ पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंचुराम साहू , आर डी,मानिकपुरी डोंगरगढ़ तहसील कोषाध्यक्ष रूपा योग शिक्षिका सतिका ,बबीता, मंजू पांडे खिलेश्वरी साहू , रेशमी साहू साधुराम ,हरी, सरोज मानिकपुरी ,मिताली, श्रुति शुक्ला के अतरिक्त कार्यकर्ता भाई बहन बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

## एनबीआईएस, बोरी में कक्षा 11वीं से ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट /आर्ट्स ( कला संकाय )की पढाई प्रारंभ

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025 -26 से 11वीं कक्षा में विज्ञान , गणित , वाणिज्य के साथ अब ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट /आर्ट्स ( कला संकाय )की कक्षाओं को प्रारम्भ किया गया है । कक्षा 11 वीं में बहुत समय से पालकों एवं बच्चों के द्वारा आग्रह किया जा रहा था इसलिए इस वर्ष से ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट प्रारम्भ किया जा रहा है जो भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत अधिक आवश्यक होगा 7 जो बच्चे ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट लेकर आगे की पढाई करना चाहते है वह संस्था में शीघ्र प्रवेश ले सकते है क्योंकि कक्षा 11वीं में सीटें सीमित है इस कक्षा हेतु विशेष शिक्षकों की नियुक्ति शाला में की गयी है । नये सत्र से बच्चों एवं पालकों की सहभागिता भी प्रशंसनीय है । च्च् ह्यूमैनिटी ज्ज् सिर्फ एक विषय ही नहीं है मनुष्य जीवन को समझाती एक कडी है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्व उजागर होता है । ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट को पाठ्यक्रम में लाकर शाला द्वारा बच्चों में परस्पर सहानुभूति की भावना जागृत करना है ताकि बच्चे समाज में, परिवार में, शाला में, देश में अपनी ख्याति प्राप्त कर सके । गुणों एवं अवगुणों की व्याख्या , उसके अंतर आज सभी को जानने की आवश्यकता है । इसी भाव की पहल करते हुए शाला में विषय के रुप में ह्यूमैनिटी सब्जेक्ट को प्राम्भ किया जा रहा है । शाला में उच्च अध्ययन हेतु विज्ञान , गणित , वाणिज्य , कला संकाय के साथ पी डब्ल्यू की नियमित कक्षाएँ 1 अप्रैल से शुरू हो गयी है।

## 16 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं एवं कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान सूचना मिलने पर ग्राम जोशीलमती में दूरवास मनी साहू के मकान की तलाशी लेने पर 16 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा संत्री कुल 2.880 बल्क लीटर शराब जप्त की गई। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला श्री राजकुमार कुर्रे, हमराह स्टॉफ आबकारी मुख्य आरक्षक श्री निजाम शाह ठाकुर, आबकारी आरक्षक श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे। इसी तरह अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आबकारी विभाग वृत्त डोंगरगढ़ के प्रभारी व उप निरीक्षक श्री अनिल सिंह के नेतृत्व में राम नगर के विभिन्न होटल-ढाबों पर छापेमारी कर सघन जांच की गई। रेलवे स्टेशन रोड स्थित बसेरा होटल, खंडूपारा के राज होटल, शेरे पंजाब होटल, नया बस स्टैण्ड स्थित खालसा होटल और पुराना बस स्टैण्ड के मान होटल में दबिश दी गई। जांच के दौरान बसेरा होटल और मान होटल में मदिरापान की पुष्टि होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी ने सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

# महापौर से मिले सामाजिक पदाधिकारीगण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 1 अप्रैल दिन मंगलवार को नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण राजनांदगांव नगर निगम के महापौर माननीय श्री मधुसूदन यादव से उनके नगर निगम के कार्यालय में जाकर मुलाकात किया एवं मुलाकात के बाद भगवान श्री कृष्ण जी का पट्टा पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि नगर कोसरिया यादव समाज का एक भी भवन नही है। साथ ही साथ समाज के भवन निर्माण के लिए 20 लाख रूपये के लिए आवेदन दिया गया। महापौर द्वारा भवन निर्माण से संबंधित समस्या का निराकरण जल्द से जल्द करने का आश्वासन दिया गया। इस पर समाज द्वारा महापौर मधुसूदन यादव जी को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला कोसरिया यादव महासभा के संरक्षकगण श्रीमान विश्वनाथ यादव, श्रीमान महेश यादव (सरपंच बोईरडीह), मंजू यादव, केसर यादव, शारदा यादव (पार्षद डोंगरगढ़), जिलाध्यक्ष श्रीमती शिला यादव जिला प्रचार प्रसार प्रभारी देवेश यादव, राजनांदगांव नगर संरक्षकगण पुनाराम यादव, शेखर यादव (पार्षद), मन्नू यादव, दिलीप यादव, वासुदेव यादव, ज्ञानिक यादव, भूपेन्द्र यादव, रेखू यादव नगर उपाध्यक्षगण मनोज यादव, दुष्यंत यादव, मोहित यादव, आदित्य यादव, प्रफुल्ल यादव, रोहित यादव, सचिव धरम यादव, महामंत्री नितेश यादव, दीनू यादव, नगर महिला संरक्षकगण मीना यादव, हिरोंदीन यादव, शैल यादव (पूर्व पार्षद), नगर महिला अध्यक्ष मधु यादव, उपाध्यक्षगण निशा यादव, राजकुमारी यादव, लक्ष्मी यादव, संतोषी यादव, राधिका यादव, अंजली यादव, लक्ष्मी यादव, सहित समाज के प्रमुखगण उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान




**कालरात्रिः**

माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्त्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं।

नाम से अभिव्यक्त होता है कि माँ दुर्गा की यह सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती है अर्थात जिनके शरीर का रंग घने अन्धकार की तरह एकदम काला है। नाम से ही जाहिर है कि इनका रूप भयानक है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं और गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। अन्धकारमय स्थितियों का विनाश करने वाली शक्ति हैं कालरात्रि। काल से भी रक्षा करने वाली यह शक्ति है।

इस देवी के तीन नेत्र हैं। यह तीनों ही नेत्र ब्रह्माण्ड के समान गोल हैं। इनकी साँसों से अग्नि निकलती रहती है। यह गर्दभ की सवारी करती हैं। ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वर मुद्रा भक्तों को वर देती है। दाहिनी ही तरफ का नीचे वाला हाथ अभय मुद्रा में है। यानी भक्तों हमेशा निडर, निर्भय रहो।बायीं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग है। इनका रूप भले ही भयंकर हो परन्तु यह सदैव शुभ फल देने वाली माँ हैं। इसीलिए यह शुभंकरी कहलाई। अर्थात इनसे भक्तों को किसी भी प्रकार से भयभीत या आतंकित होने की कतई आवश्यकता नहीं। उनके साक्षात्कार से भक्त पुण्य का भागी बनता है।

कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम असुरी शक्तियाँ उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। इसलिए दानव, दैत्य, राक्षस और भूत-प्रेत उनके स्मरण से ही भाग जाते हैं। यह ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं और अग्नि, जल, जन्तु, शत्रु और रात्रि भय दूर हो जाते हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है।

**मन्त्रः**

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥

## सूर्य व मंगल सहित चार ग्रहों का होगा गोचर इस राशियों के जीवन में आएगा भूचाल

अप्रैल 2025 में कई ग्रहों के गोचर से विभिन्न राशियों पर प्रभाव पड़ेगा। मंगल का कर्क राशि में गोचर कर्क राशि के जातकों के लिए नकारात्मक रहेगा, जबकि बुध और शुक्र के गोचर मीन राशि में कुछ चुनौतियां ला सकते हैं। सूर्य का गोचर मेष में मेष राशि के जातकों के लिए शुभ रहेगा। ग्रहों के महत्वपूर्ण गोचर कई राशियों के जातकों के जीवन पर गहरा असर डालने जा रहे हैं। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार चंद्र, मंगल, बुध, शुक्र और सूर्य जैसे ग्रहों की चाल कई राशियों के लिए सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम लेकर आएगी। जहां कुछ राशियों को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, तो वहीं कुछ के लिए यह अवधि सफलता और सम्मान की होगी। आइए जानते हैं इन गोचरों का प्रभाव और उपाय...। वैशाख की गर्मी से बाबा महाकाल को बचाने के उपाय शुरू, मिट्टी के कलशों से प्रवाहित होगी शीतल जलधारावैशाख की गर्मी से बाबा महाकाल को बचाने के उपाय शुरू, मिट्टी के कलशों से प्रवाहित होगी शीतल जलधारा चंद्रमा कर्क राशि में प्रवेश करेंगे, जहां सेनापति ग्रह मंगल 7 जून 2025 तक नीच अवस्था में रहेंगे। यह गोचर कर्क राशि के जातकों के लिए नकारात्मक रहेगा। जातक शारीरिक कमजोरी, मानसिक अवसाद और हीन भावना से ग्रस्त हो सकते हैं। आर्थिक हानि और मन में भय की स्थिति पैदा हो सकती है। इस दौरान जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। **उपायः** हनुमान मंगल कवच का पाठ करें। रोज हनुमान जी के दर्शन कर दीप जलाएं। गुड़-चने का दान करें।



nandgaon times April-04-5.qxd 4/4/2025 1:26 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष की गांधीगिरी

## भजन कीर्तन के साथ बिजली कंपनी कार्यालय में किया विरोध प्रदर्शन व घेराव, नागरिक संघर्ष मोर्चा की अगुवाई में बिजली कंपनी कार्यालय में धरना प्रदर्शन



**अफ्शान खान**

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती की समस्या के निदान हेतु आज नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने स्थानीय नागरिको को साथ लेकर बिजली कंपनी कार्यालय के सामने गांधीगिरी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारी कपंनी के खिलाफ नारेबजी व विरोध करते हुए व्यवस्था सुधार करने की मांग कर रहे थे।

नगर में पिछले कुछ महिने से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। जिससे घरो में लगे पंखा, कूलर, टीवी व एसी काम नही कर रहे है। जबकि मकानो में पानी के लिए लगाए गए मोटर पंप भी काम नही कर रहे है। इससे नगर में पेयजल संकट की स्थिती बनी हुई है। इसके अलावा बिजली से चलने वाले व्यवसाय हालर मिल, वेल्डिंग शॉप, फोटोकापी मशीन, फोटोग्राफी, इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्रिकल दुकान, व रिपेयर शॉप से जुडे व्यवसाय पुरी तरह से प्रभावित हो गए है। नागरिको से मिल रही निरंतर शिकायतो के बाद आज नगर पंचायत के निर्दलीय अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अपनी टीम के साथ छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता व कनिष्क अभियंता कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी माता जी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजनो के साथ बिजली कंपनी के अधिकारियो व कर्मचारियो को सदबुद्धि व बल देने की प्रार्थना कर रहे थे। बिजली कपंनी कार्यालय के सामने निरंतर दो घंटे तक प्रददर्शनकारी नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन कर रहे थे और अंत में सहायक अभियंता को लो वोल्टेज की व्यवस्था सुधारने व अघोषित बिजली कटौती बंद करने के लिए ज्ञापन सौपा।

प्रदर्शन में पार्षद उमा शंकर निषाद, विनोद डेहरिया, पूर्व पार्षद शंकर निषाद, मनीश बंसोड़, शमीमुद्दीन कुरैशी, मंजित अरोरा, छगन बंजारे, बिटटु रब्बानी, प्रमोद ठलाल, लोकदीप बारेकर, जयलाल सिन्हा, रामू यादव, पन्ना कुंजाम, रामचरण सारथी, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, रिनी पोरेटी, रानू भूआर्य, मुस्कान पोरेटी, नेहा, वैभव परिहार, अमन डोंगरे, आकाश कसार, शिवम बाजपेयी, बाबू दुबे, सुरेश देषमुख, शरीफ कुरैशी, पिन्टु तिवारी, ओंकार बारसागढे, अविनाश भोयर सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### पेयजल आपूर्ती के समय बिजली बहाल रखने की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बिजली कंपनी के अधिकारियो से आग्रह किया की प्रतिदिन प्रात: 6 से 9 व सांय 4 से 6 बजे तक बिजली गुल या कटौती नही की जाए। नगर अध्यक्ष श्री मानकपुरी ने बताया कि सुबह व शाम का यह समय गांवो व नगर में पेयजल आपूर्ती का समय होता है। लो वोल्टेज व बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ती प्रभावित होती है। जिससे जनसामान्य को पानी उपलब्ध कराने में समस्या का सामना करना पडता है।

जिससे नगर में अशांति का वातावरण उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा नगर अध्यक्ष ने कम से कम रात के समय में बिजली गुल नही करने की मांग रखी।

### कटौती का समय निर्धारित हो

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बिजली कंपनी के अधिकारियो से कटौती का समय निर्धारित करने की मांग की। उन्होने कहा की गर्मी में स्वभाविक तौर पर बिजली की खपत व मांग बढ जाती है। इससे समय बेसमय पावर कट कर दिया जाता है। नगर अध्यक्ष ने बिजली कंपनी के अधिकारियो को आगाह किया की वे कटौती करे लेकिन समय निर्धारित व पहले से तय होनी चाहिए। यदि कटौती का समय घोषित कर दिया जाएगा तो नगर व क्षेत्रवासी अवपनी व्यवस्था पहले से बना कर रखेगे। लेकिन कभी भी अचानक घंटो बिजली गुल कर दिए जाने से नागरिको को काफी मुश्किलों का सामना करना पडता है।

### समस्या नही सुलझी तो उग्र आंदोलन

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बिजली कंपनी के अधिकारियो का आगाह किया की यदि जल्द से जल्द समस्या नही सुलझी तो आने वाले समय उग्र आंदोलन किया जाएगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की आज का आंदोलन समस्या के प्रति ध्यान आकृष्ट कर निदान की दिशा में आगे बढने के लिए सांकेतिक विरोध प्रदर्शन था। यदि परेशानियो से निजात नही दिलाई गई तो कंपनी कार्यालय के सामने उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



### एकटकन्हार से सीधी लाईन को जल्द पहुचाने की मांग

नगर में लो वोल्टेज व बिजली गुल के समस्या के निदान के लिए एकटकन्हार से अंबागढ चौकी आ रही लाईन को जल्द से जल्द पहुचाने की मांग की है। नगर अध्यक्ष ने अंबागढ चौकी नगर व क्षेत्र की लो वोल्टेज व बिजली कटौती से जुडी समस्या के निराकरण के लिए बिजली कंपनी के अलावा प्रदर्शन से जुडे शीर्ष अधिकारियो से चर्चा कर चौकी नगर व क्षेत्र में बिजली व्यवस्था नियमित बहाल रखने की मांग रखी।

> शीर्ष अधिकारियो को समस्या की जानकारी दी गई है। मार्गदर्शन लेकर बिजली से जुडी समस्या के निराकरण के लिए कार्य किया जा रहा है।
>
> **- बी.एन.कुर्रे, एई विद्युत विभाग**

## मां दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की धूम

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम घुपसाल में पहाड़ी पर स्थित आस पास की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है, यहां भक्तों के द्वारा 340 तेल ज्योति एवं 41 घृत का मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष केशव साहू ने बताया कि मां शीतला मंदिर में 11 ज्योति एवं बघरन पाठेश्वर मंदिर में 17 ज्योति प्रज्वलित की गई है, प्रतिदिन सुबह शाम देवी की महिमा का जस गीत प्रस्तुति किया जा रहा है, विभिन्न जस मंडलियों द्वारा देवी जस गीत भी यहां पर प्रस्तुति किया जा रहा है, 5 अप्रैल शनिवार को अष्टमी हवन एवं रविवार को नवमी कन्या भोज विसर्जन का कार्यक्रम किया गया है।



# करवारी में शराब की अवैध बॉटलिंग से खुली आबकारी विभाग की पोल - नीरज

### कहा - भाजपा राज में छत्तीसगढ़ प्रदेश बना अवैध शराब का गढ़

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की धर्म नगरी डोंगरगढ़ से लगे गांव करवारी में हाल ही में शराब की अवैध बॉटलिंग और करीब 28 लाख की दारु पकड़ाने का मामला छोटी मोटी बात नहीं है पता नहीं यहां कब से चल रहा था लेकिन इतना जरुर है कि इससे आबकारी विभाग की मिली भगत स्पष्ट नजर आ रही है यह बात कहते हुए शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने कहा कि सिर्फ बॉटलिंग में लिप्त आरोपी को गिरफ्तार करना और शराब जब्त करना काफी नहीं है। इसमें मिलीभगत करके बेजा कमाई को अंजाम देने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि हाल ही में मां बमलेश्वरी तीर्थ डोंगरगढ़ से लगे ग्राम करवारी में शराब की अवैध बॉटलिंग करीब 28 लाख की शराब पकड़े गये हैं। इस अवैध बॉटलिंग में आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिली भगत है। माँ बम्लेश्वरी धर्म नगरी के समीप ग्राम- करवारी के फार्म हाऊस में अवैध शराब बॉटलिंग युनिट स्थापित कर नकली होलोग्राम व स्टीगर का उपयोग कर जहरीली अवैध शराब राजनांदगांव जिले के चहुओर अमानक रूप से बना कर शराब खुले आम परोसा जा रहा है। अपने एजेन्ट कोचिया के माध्यम से खुलेआम शराब वितरण जिले में जारी है। इस अवैध शराब बॉटलिंग युनिट व नकली होलोग्राम व स्टीगर संचालित युनिट में इनकी भारी पैमाने पर उपलब्धता व अपकारी विभाग की संलिप्तता दिखाई देता है। और साथ ही बाकायदा शराब दुकान में खपाया जा रहा है। यह एक प्रश्न चिन्ह है। इनकी प्रिटिंग व सप्लाई कहाँ से हुआ कौन-कौन संलिप्त है विभाग ने संज्ञान क्यों नहीं लिया? जाँच का विषय है। छ.ग. कांग्रेस सरकार के सामने शराब बंदी का नारा लगाने वाले भाजपा सरकार नारा ही नही शराब बंदी करने का माँग करने वाली सरकार राजस्व बढ़ाने को आधार मानकर प्रदेश में नया 67 शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया गया हैं। जिसका राजनांदगांव में 5 दुकान खोलने की स्वीकृति हमारी संगठन निंदा करती है। एवं चिंता का विषय है। अवैध शराब बॉटलिंग के माध्यम से पानी स्पीड मिलाकर अमानक रूप से जहरीली शराब बनाकर आम जनमानस को परोसा जा रहा है। इस तरह भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ प्रदेश को अवैध शराब का गढ़ बना दिया है।



## सीआरसी सेंटर, ऑटिज़्म से ग्रसित बच्चों को आत्मनिर्भर बना रहा है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ऑटिज़्म जागरूकता माह के अवसर पर,सीआरसी ठाकुरटोला द्वारा ऑटिज़्म से ग्रसित बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह केंद्र न केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा और कौशल प्रदान कर रहा है, बल्कि समाज में उनके प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता भी बढ़ा रहा है। सीआरसी के विशेषज्ञों के अनुसार, ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक अलग तरह की सोचने और समझने की शैली है। सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन से ये बच्चे भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अभियान के तहत ऑटिज़्म से प्रभावित बच्चों के माता-पिता को काउंसलिंग, विशेष शिक्षा, और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।ऑटिज़्म, जिसे ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (स्ष्ठ) कहा जाता है, यह एक विकास संबंधी गड़बड़ी है जिससे पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और समाज में मेलजोल बनाने में परेशानियां आती हैं। इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे बातचीत में कठिनाई, दोहराव वाली हरकतें, और सीमित रुचियां। हालांकि, सही प्रशिक्षण, चिकित्सा और सहयोग से ऑटिस्टिक व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकते हैं। जागरूकता और प्रारंभिक हस्तक्षेप से उनके विकास में मदद मिलती है। स्पेशल एजुकेशन प्रोग्राम जहां प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को उनकी क्षमताओं के अनुसार सीखने का अवसर देते हैं।थैरेपी सेशन: जिसमें स्पीच थेरेपी और व्यवहार सुधार के उपाय शामिल हैं।माता-पिता कार्यशालाएं: जिससे परिवार अपने बच्चों की आवश्यकताओं को बेहतर समझ सके। सीआरसी का यह प्रयास न केवल ऑटिज़्म से ग्रसित बच्चों को आत्मनिर्भर बना रहा है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक सोच विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हो रहा है।




# डोंगरगढ़ पुलिस ने शराब तस्करी के 8 फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र में शराब तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस ने फरार चल रहे 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों पर करवारी रोड स्थित एक फार्म हाउस में भारी मात्रा में अवैध शराब डंप करने का आरोप है।

**शराब तस्करी का खुलासा**

दिनांक 29 मार्च 2025 को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करवारी लतमर्रा जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित रोहित नेताम उर्फसोनू के फार्म हाउस में मध्यप्रदेश निर्मित शराब का बड़ा स्टॉक अवैध रूप से रखा गया है। यह भी जानकारी मिली कि इस शराब को छोटे पाउच में भरकर छत्तीसगढ़ का नकली लेबल लगाकर बेचा जा रहा है।सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारा और फार्म हाउस से कुल 432 पेटी (3888 बल्क लीटर) अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत 27,32,670 आंकी गई है। मौके से भारी मात्रा में खाली शीशियां, गोवा व्हिस्की के स्टीकर, होलोग्राम बंडल और अन्य सामग्री भी बरामद की गई।

**आरोपियों की गिरफ्तारी और जांच**

पुलिस कार्रवाई के दौरान फार्म हाउस मालिक रोहित नेताम उर्फ सोनू फरार हो गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया। जांच के दौरान घटनास्थल से जब्त ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और साइबर सेल की मदद से अन्य संदिग्धों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ।

पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी छोटा कट्टी उर्फ नंद कुमार वर्मा और उसके साथी शराब को 27 मार्च 2025 की रात फार्म हाउस में लाकर स्टॉक कर रहे थे। आरोपियों ने स्कूटी (छ्वह्वश्चद्बह्लद्गह्) के जरिए शराब की खेप लोकल मार्केट में बेचने की योजना बनाई थी।

**गिरफ्तार आरोपी और आपराधिक रिकॉर्ड**

1. रोहित नेताम उर्फ सोनू (25 वर्ष) - डोंगरगढ़ निवासी, पहले से कई आबकारी अधिनियम और आपराधिक मामलों में वांछित।
2. दलजीत सिंह उर्फ राजा (28 वर्ष) - डोंगरगढ़ निवासी, पहले भी अपहरण और पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार।
3. मोहित कुर्रे (22 वर्ष) - आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज।
4. रवि कंडरा (35 वर्ष) - पहले जुआ और शराब तस्करी में शामिल।
5. सिद्धार्थ फुले (35 वर्ष) - आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज।
6. सोनू यादव (25 वर्ष) - मारपीट और धमकी देने के मामलों में आरोपी।
7. विशाल मिश्रा (23 वर्ष) - पुलिस जांच में शामिल।
8. भुवन कंडरा (21 वर्ष) - पूर्व में कई मामलों में संलिप्त।



**जब्त सामग्री**

= 432 पेटी शराबज़ गोवा व्हिस्की के स्टीकर और होलोग्राम बंडल

= घटना में प्रयुक्त 5 स्कूटी

**पुलिस की कार्रवाई जारी**

पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपक कुमार झा के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के नेतृत्व में इस मामले की गहन जांच जारी है। इस पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा और एसडीओपी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम की अहम भूमिका रही।

पुलिस अब इस नेटवर्क के अन्य संभावित आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही अन्य गिरफ्तारियां भी संभव हैं।

# सड़क हादसे में गाय जख्मी, बजरंग दल एवं पशु चिकित्सालय के प्रयासों से हुआ सफल उपचार



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव के समीपस्थ गांव ग्राम गठुला में एक गाय का पेट ट्रक की चपेट में आकर फट गया। हादसा इतना भयानक था कि अंदर का खाना बाहर आ रहा था, जिसका इलाज न होने पर मृत्यु होना निश्चित थी। बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि संगठन के प्रति तत्परता एवं विस्तार के कारण ही आज इतने बड़े हादसे से गौमाता को बचाया गया और संगठन की देख-रेख में रखा जाना प्रशंसनीय है, वे खंड गठुला के बजरंगियों की इस साहसिक कार्यों हेतु सराहना करते है। बजरंग दल के गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल बजरंग दल गठुला के पृथ्वी साहू, नवीन साहू, भीष्म एवं नरेन्द्र साहू आदि गौ सेवकों एवं ग्रामवासियों के द्वारा गौ को राजनांदगांव लाने की व्यवस्था की गई और जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव लाया गया एवं सफल उपचार किया गया है, यहां के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर तरूण रामटेके एवं इंटर्नशिप के स्टूडेंट के द्वारा समय रहते गाय के पेट को सूचर कर एंटीबायोटिक और पेन किलर दिया गया, जिससे अब गाय खतरे से बाहर है और नियमित देख-रेख एवं 4-5 दिन एंटीबायोटिक पेन किलर देने से गाय पूरी तरह से ठीक हो जाएगा इलाज सफल रहा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com